भोपाल में असंतोषजनक टेलीफोन सेवा

671. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भोपाल में टेलीफोन सेवा के संबंध में भोपाल टेलीफोन उपभोक्ता से कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा उनकी शिकायतों को दूर करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ;

(ग) पिछले 3 वर्षों के दौरान शहर में कितने पुराने केबिल बदले गये ; और

(घ) भोपाल में टेलीफोन कनेक्शनों में हुई वृद्धि को देखते हुए पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने नये लाइनमैन नियुक्त किये गये ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) जी हां।

(ख) उक्त शिकायत असंतोषजनक टेलीफोन सेवा, अधिक राशि के बिल तथा स्टाफ के दुर्व्यवहार आदि के बारे में है। इस प्रकार की शिकायतों को दूर करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :-

1. आंतरिक और बाह्य संयंत्रों की बारीकी से जांच की जा रही है तथा जो खराबी पाई जाती है उसे तुरन्त दूर कर दिया जाता है।

2. पुराने टेलीफोन उपकरणों को बदला जा रहा है।

3. अधिक राशि के बिल संबंधी शिकायतों को शीघ्र निपटाया जा रहा है।

4. भोपाल टेलीफोन का दर्जा बढ़ा दिया गया है तथा वहां जिला प्रबंधक टेलीफोन नियुक्त कर दिया गया है।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान 9.88 कि०मी० पुरानी टेलीफोन केबिलों बदली गई हैं ;

(घ) गत तीन वर्षों में किसी नए लाइनमैन की भर्ती नहीं की गई।

रतलाम और नीमच में स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंज

672. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि रतलाम और नीमच में स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने के काम में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मन्त्री (श्री राम निवास मिर्धा) : रतलाम टेलीफोन एक्सचेंज के लिए भवन निर्माण कार्य चल रहा है और सातवीं योजना के दौरान, 2,500 लाइनों के आंटोमेटिक एक्सचेंज के चालू किए जाने की संभावना है।

नीमच के लिए भवन निर्माण कार्य की औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। सातवीं योजना के दौरान एक आंटो-एक्सचेंज लगाया जाएगा बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हो जाए।

Non-delivery or late delivery of Telegrams

673. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of complaints about non-delivery or very late delivery of telegrams in the country in the year 1985; and

(b) the details of action taken by Government in this regard including the remedial measures taken by Government to improve the service?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) and (b) Information is being collected and will be laid on the table of the House.

Mail delivery in Lucknow and Aligarh

674. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of normal mail deliveries in metropolitan and big cities and in other cities on the working days;